>

Title: Need to include banana crop under Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana - Laid

श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा (बारदौली): केले को सर्वमान्य लोगों का फल माना जाता है । केला एक प्रोटीनयुक्त फल है जिसका पूरे भारत व विदेश में भी ज्यादातर इस्तेमाल किया जाता है । दुनिया में केले के सबसे बड़े उत्पादक के रूप में भारत कुल वैश्विक उत्पादन में लगभग 23 प्रतिशत योगदान देता है । गुजरात देश में केले के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है, जिसमें मेरा मतदार संघ 23 बारडोली लोकसभा जिला सूरत और तापी भी शामिल है । यहां केले की खेती काफी ज्यादा मात्रा में होती है । इस जगह का केला देश के अनेक राज्यों में जाता है और दुनिया के कई देशों में निर्यात होता है । जब भाटा चक्रवात आता है, सूखा या ज्यादा गरम वातावरण बन जाता है तब केले की फसल पूरी नष्ट हो जाती है । इससे छोटे और बड़े किसानों को अपना जीवनयापन करने में बड़ी दिक्कत होती है तथा अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है । किसान खुदकुशी तक सोचने के लिए मजबूर हो जाता है ।। इसलिए मेरा माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि केले की फसल को भी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सम्मिलित किया जाये ।